माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक 2178 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2023–24 दिनांक: 5/07/24

विज्ञप्ति

एतत्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता कि विश्वविद्यालय के एन0ई0पी0 के अन्तर्गत स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों (बी0ए0 / बी0एससी0 / बी0कॉम) के षष्टम् सेमेस्टर जून 2024 में छात्रो को एक प्रोजेक्ट / लघुशोध पूर्ण करने के पश्चात् जमा करना होता है। जिसका मूल्यांकन आन्तरिक एवं विश्वविद्यालय द्वारा नामित बाह्य परीक्षक द्वारा किया जाना है।

अतः उक्त के आलोक में अवगत कराना है कि मा0 कुलपति महोदय की अनुमति से छात्रो द्वारा जमा किये गये स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों (बी0ए0 / बी0एससी0 / बी0कॉम) के षष्टम् सेमेस्टर जून 2024 में लघुशोध ग्रन्थ का मूल्यांकन महाविद्यालय के सम्बन्धित विषय के स्थायी / अनुमोदित शिक्षक द्वारा ही किया जायेगा अर्थात् बाह्य परीक्षक की आवश्यकता नहीं होगी। मूल्यांकन करने वाले आन्तरिक परीक्षक को वही मानदेय देय होगा जो विश्वविद्यालय द्वारा नामित बाह्य परीक्षक को देय होगा। यदि किसी कारणवश महाविद्यालय में किसी विषय का स्थायी / अनुमोदित शिक्षक उपलब्ध नही है तब महाविद्यालय को विश्वविद्यालय से परीक्षक नियुक्त कराना अनिवार्य होगा।

अतः अपेक्षित है कि कृपया प्रोजेक्ट / लघुशोध का शीघ्र मूल्यांकन कराकर अंक अविलम्ब ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड़ कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि परीक्षाफल यथासमय घोषित किया जा सके।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित का सूचनार्थ :–

1. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय।
3. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी।
4. अधिकृत एजेन्सी।

परीक्षा नियंत्रक